भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानियों को नमन : मोदी

नईदिल्ली, 9 अगस्त. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन, काकोरी एक्शन, भारत छोड़ो आंदोलन, संस्कृत दिवस और अन्य अवसरों पर विचारशील और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. उनके संदेशों में राष्ट्रप्रेम, संस्कृति और परंपरा के लिए प्रतिबद्धता झलकती है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रधानमंत्री इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा, हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अगस्त क्रांति दिवस पर शनिवार को देश की आजादी के लिए शहीद होने वाले महान देशभक्तों को याद करते हुए नमन किया. खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के अमूल्य मंत्र 'करो या मरो' से अंग्रेज़ी हुकूमत के विरुद्ध 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरुआत हुई जिसने आज़ादी की लड़ाई को नया उत्साह प्रदान किया. भारत छोड़ो आंदोलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अगुवाई में अनगिनत भारतीयों ने सड़कों पर उतरकर इस अविस्मरणीय इतिहास की गाथा लिखी. उन्होंने कहा, अगस्त क्रांति दिवस पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को हम कोटि-कोटि नमन करते हैं. रक्षासूत्र की नन्ही डोर सिर्फ कलाई नहीं बांधती, आत्मा को जोड़ती है. यह हर युग में मर्यादा और आत्मीयता की अमर गाथा बुनती है.

संस्कृत का प्रभाव हर क्षेत्र में स्पष्ट : पीएम

नयी दिल्ली, 09 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रावण पूर्णिमा के दिन विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर राष्ट्र को शुभकामनाएं दीं और संस्कृत को 'ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत' बताते हुए विभिन्न विषयों में इसकी स्थायी प्रासंगिकता और व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्टों में श्री मोदी ने दुनिया भर के विद्वानों, छात्रों और उत्साही लोगों की सराहना की जो इस प्राचीन भाषा को सीखने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं. प्रधानमंत्री ने लिखा, श्रावण पूर्णिमा के दिन हम विश्व संस्कृत दिवस मना रहे हैं. संस्कृत ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत है. इसका प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ में बनेंगे 34 नए नालंदा परिसर

रायपुर. छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए 34 नए नालंदा परिसर बना रही है. ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे बल्कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है. वहीं रायगढ़ में सीएसआर से 700 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का काम प्रगति पर है. इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42 करोड़ 56 लाख रुपए का करार हुआ है.

ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने पर होगी बातचीत

- **जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी**
- **यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी**

वाशिंगटन, 09 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे.

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया, अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी. उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी. श्री ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह श्री पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं. अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे. उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी. श्री ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका नहीं आए हैं और 2018 से श्री ट्रंप से नहीं मिले हैं. ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी.

बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में श्री पुतिन ने श्री ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र - जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है - और साथ ही क्रीमिया, जिस पर रूस ने 2014 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था उसको छोड़ना होगा.

विश्वास और भरोसे के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे-प्रियंका ने रक्षाबंधन पर दी शुभकामनाएं

नयी दिल्ली, 09 अगस्त. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रक्षाबंधन के अवसर पर शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई यह त्यौहार सद्भाव और भाईचारे को और मजबूत करेगा. खरगे ने कहा, बहन-भाई के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के पर्व रक्षाबंधन की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ.

रक्षाबंधन का यह अनोखा त्योहार, जाति, धर्म और पंथ से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और एकजुटता को बढ़ावा देता. साथ ही, यह भारतीय समाज में महिलाओं की बराबरी और सम्मान पर भी प्रकाश डालता है. उम्मीद है कि राखी का यह पर्व हम सभी के जीवन में परस्पर प्रेम, सद्भाव और सौहार्द की भावना को मजबूत करेगा. वाड्रा ने कहा, भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और भरोसे के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में ढेरों खुशियां लाए.

दिल्ली, आंध्र प्रदेश समेत पांच उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां

नई दिल्ली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक न्यायिक अधिकारी को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है, साथ ही आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है. इसके अलावा, सात अतिरिक्त न्यायाधीशों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है. न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है. आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, किरणमयी मांडव, सुमति जगदम और न्यापति विजय को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है.

परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का योगदान

जयपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को यहां वीरागंनाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया.

शर्मा ने बहनों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि इस त्यौहार का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है. यह भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है. हमारे ऐसे त्यौहारों में समरसता एवं एकरूपता का संदेश निहित होता है. उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान है. बहनें परिवार में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए उसे संजोने एवं संस्कारित करने की जिम्मेदारी निभाती है. इसलिए हमारी संस्कृति में बहनों का स्थान सर्वोपरि होता है. शर्मा ने कहा रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर छोटी एवं बड़ी बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद मुझे मिला है. यह मेरे लिए अभेद्य सुरक्षा कवच है.

नीतीश ने वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर पौधारोपण किया

पटना, 09 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस% के पावन अवसर पर आज राजधानी वाटिका में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में पौधे का रोपण भी किया. गौरतलब है कि 13 अगस्त 2012 को रक्षा-बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया था. इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें. जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है. जल- जीवन - हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है. राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है. राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण

तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कौर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

महिला सशक्तिकरण के लिए हर साल दस हज़ार ई-रिक्शा वितरित किए जाएँगे : तरकरे

कोल्हापुर. महाराष्ट्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस वर्ष महिलाओं के बीच 10 हज़ार ई-रिक्शा वितरित करने का निर्णय लिया है. एक मंत्री ने शनिवार को जानकारी दी.

महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तरकरे ने बताया कि पिंक ई-रिक्शा चार्जिंग पर चलेगा और इसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए जीपीएस सिस्टम के साथ-साथ रिक्शा में बैठे व्यक्ति की तस्वीर लेने की सुविधा भी होगी.

इसके लिए प्राप्त 700 आवेदनों में से इस वर्ष कोल्हापुर शहर में 400 महिला लाभार्थियों ने पिंक रिक्शा के लिए अर्हता प्राप्त की है. महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पिंक ई-रिक्शा और रुपे कार्ड वितरित किया. करने के बाद एक समारोह को संबोधित किया. करते हुए सुश्री तरकरे ने कहा कि महिला आर्थिक विकास निगम (डब्ल्यूईसी) के माध्यम से 32 हज़ार से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया है और उनकी ऋण चुकौती दर 99.99 प्रतिशत है.

आज का इतिहास

1173 : इटली में पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ.
1683 : एक आदेश के जरिए ब्रिटिश राजशाही ने ईस्ट इंडिया कंपनी को एशिया में युद्ध अथवा शांति की घोषणा का अधिकार दिया.
1788 : गुलाम कादिर ने दिल्ली के सुलतान शाह आलम द्वितीय की आंख में अपना खंजर घोंपकर उसे अंधा कर दिया.
1831 : अमेरिका में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली.
1892 : थॉमस अल्वा एडिसन ने टू-वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया.
1925 : क्रांतिकारियों ने काकोरी में एक ट्रेन लूटी, उनका मकसद ट्रेन से सरकारी खजाना लूटकर हथियार खरीदना था.
1942 : महात्मा गांधी को ब्रिटिश सरकार ने गिरफ्तार किया.
1945 : अमेरिका ने जापान के नागासाकी शहर पर परमाणु बम गिराया.
1970 : महान स्वतंत्रता सेनानी और गुमनाम नायक त्रिलोकीनाथ चक्रवर्ती का निधन.
1971 : भारत-रूस मैत्री संधि पर हस्ताक्षर.
1975 : भारत के लोकप्रिय अभिनेता महेश बाबू का जन्म.
1999 : रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने प्रधानमंत्री सर्जेई स्तेपशिन को बर्खास्त.

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान
राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026

खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IASTC) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSE) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा।

एनएसई में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए:
एनएसई: **https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2025)**
अधिक जानकारी के लिए: **https://olympiads.hbcse.tifr.res.in https://www.iapt.org.in**

CBC 48143/12/0005/2526

JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION
e-Tender Notice No. 612 for 2025-26

Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone II and Zone V (Khedi and Pimprala Nalla) of Jalgaon City. The cost of tender is Rs. 316,55,89,055.00/- (Excluding Tax). The detailed tender document is available at **www.mahatenders.gov.in** from 08.08.2025. The right to accept and cancel the tender has been reserved by the Commissioner Jalgaon City Municipal Corporation.

Date: 08.08.2025
जा.क्र./ज.श.म.न.पा./प्रकल्प/78/2025
Sd/-
(Dnyaneshwar Dhere)
Commissioner and Administrator
Jalgaon City Municipal Corporation

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निमाण वि./यां. संभाग (ओल्ड पलासिया) इंदौर
E mail ID:- eepwdelecind@mp.nic.in
निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 34/व.ले.लि./वि./यां./25-26 इंदौर, दिनांक 06.08.2025

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मेंउचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रपत्र 2.10 पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं पंजीकृत डाक (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जाएगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

सं.	कार्य का नाम व स्थान	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेके की अनु. राशि	अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का दिनांक एवं समय	1. निविद प्राप्ति का दिनांक, समय एवं कार्यालय	1. निविदा खोलने का दिनांक, समय एवं कार्यालय	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.
1.	विधानसभा क्षेत्र क्र. 2 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाईट का कार्य।	2000/-	रु. 7,65,764/-	रु. 15,315/-	18.08.25 5.30 बजे 2. लो.नि.वि. वि/यां.	1. 25.08.25 5.30 बजे 2. लो.नि.वि. वि./यां. सं. इंदौर	1. 26.08.25 प्रातः 11.00 बजे 2. लो.नि.वि. वि./यां. सं. इंदौर	1. 60 दिन 2. लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार धारी 3. प्रथम आमंत्रण
2.	सांसद निधि के अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम पंचायत कलारिया जनपदपंचायत इंदौर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य।	2000/-	रु. 8,42,714/-	रु. 16,900/-	-तदैव	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-
	कुल राशि रु.		रु. 16,08,478/-					

टीप:- 01. निविदा सूचना की विस्तृत शर्तें कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।

जी -16953/25
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग, इंदौर

कार्यालय कलेक्टर जिला खनिज- शाखा, जिला- इंदौर (म.प्र.)
क्रमांक/1214/खनिज/2025 दिनांक 06/08/2025

सूचना

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनि पट्टाप्राप्त करने के लिए द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **घनश्याम डालचंद्र उपाध्याय पता-220 बी प्रजापतनगर इंदौर** द्वारा पत्थर (गिट्टी) उत्खनि पट्टा नवीनीकरण हेतु शासकीय भूमि क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 20.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा हेक्टर	भूमि का प्रकार	खनिज का नाम	रिमार्क
इंदौर	देपालपुर	रंगवासा	125/1/3	1.400	शासकीय भूमि	पत्थर (गिट्टी)	
			कुल रकबा	1.400 हे.			

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 15 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला इंदौर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरान्त प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा
जिला इंदौर

जी -16980/25

कार्यालय नगर पालिका परिषद, नीमच जिला नीमच म.प्र.
क्रमांक-331/ई-टेंडर/01/लो.नि.वि./2025 नीमच, दिनांक 08/08/2025

:: ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण **website http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र./टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का एवं EMD मूल्य	निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि
2025_UAD_443221	निकाय क्षेत्र की रिक्त भूमियों पर कार्ययोजना तैयार करने हेतु कन्सलटेंसी कार्य	रु. 5000/- रु. 50000/-	08.09.2025

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, नीमच
श्री मनोहर मोटवानी, सभापति लो.नि.वि., नगर पालिका परिषद्, नीमच
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नीमच

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
विद्युत विभाग
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 16/25-26/ई टेंडर C.E/E&M
निविदा सूचना
दिनांक: 08/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2025-UAD-443296 08-08-2025	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अंतर्गत बालीनाथ उद्यान, स्कीम नं. 78 रानी लक्ष्मी बाई उद्यान स्कीम नं. 114 एवं महाराणा प्रताप उद्यान स्कीम नं. 114 में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	2 माह ₹7,66,699/-	₹2,000/- ₹7,700/-	14.08.2025 5:30 PM
2	2025-UAD-443316 08-08-2025	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65 के अंतर्गत बैराठी कॉलोनी में स्थित गुरू गोविन्दसिंह उद्यान में प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	1 माह ₹7,99,066/-	₹2,000/- ₹8,000/-	14.08.2025 5:30 PM
3	2025-UAD-443347 08-08-2025	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नवीन पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	2 माह ₹15,32,281/-	₹2,000/- ₹11,500/-	23.08.2025 5:30 PM

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

जाहिर सूचना

यह कि मेरे पक्षकार श्री नविनचंद्रसिंह पिता स्व. गजराजसिंहजी राठौर एवं श्रीमती पदमीलासिंह पति नविनचंद्रसिंह राठोर निवासीगण-ग्राम बोडायता तह. पेटलावद जिला झाबुआ म.प्र. के द्वारा कृषक श्री रणजीतसिंह पिता मनोहरसिंहजी राठौर निवासी सारंगी तह. पेटलावद जिला झाबुआ के स्वामित्व मालकी वाली कृषि भूमि पटवारी हल्का नम्बर 24 सर्वे नं. 1715/3 व 1717/4 कुल सर्वे नं. 02 कुल रकबा 1.06 कुल लगान 8.27 पैसे की कृषि भूमि रुपए 15,00,000/- पन्द्रह लाख में क्रय कर ली है, तथा विकेता के द्वारा मेरे पक्षकारगण के पक्ष में विधिवत विक्रय अनुबंध भी दिनांक 24.11.2022 को निष्पादित कर सदर भूमि का रिक्त आधिपत्य भी मेरे पक्षकारगण को सौप दिया है। तदनुसार मेरे पक्षकारगण का शांतिप्रिय आधिपत्य चला आ रहा है। मेरे पक्षकारगण के द्वारा समस्त प्रतिफल की अदायगी भी विकेता को कर दी गई हैं। किन्तु विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकारगण के पक्ष में अभी तक ई-पंजीयन निष्पादित नहीं करवाया है।

यह कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त क्रयशुदा भूमि के सम्बंध में मेरे पक्षकारगण के बाले-बाले किसी भी प्रकार का पश्चावर्तीय सौदा अंतरण, गिरवी, बक्सिस, दान, नामांतरण आदि की कार्यवाही कृषक रणजीतसिंह राठौर के साथ नहीं करे, अन्यथा ऐसा कोई भी संव्यवहार अवैध स्वरूप का होकर मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नही रहेगा।

अतः जाहिर सूचना का प्रकाशन मेरे पक्षकारगण की ओर से किया जाता है, सो सही है।

इति, दिनांक- 06.08.2025
स्थान-पेटलावद
राजेन्द्रकुमार चतुर्वेदी (एडवोकेट एंड नोटरी)
पेटलावद, जिला झाबुआ (म.प्र.)
मोबा. 94251 02323

अपने व्यापार को दें नई ऊंचाइयां
नवभारत
में विज्ञापन के माध्यम से

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया / **Union Bank of India**
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
अनुलग्नक बी

छावनी मेन इन्दौर शाखा
पता : 18/1, उषागंज एम एम टॉवर, लक्ष्मीनारायण दुधवाले के पास, छावनी इंदौर
संपर्क नं.: 9372132630 **मेल आईडी:** ubin0532631@unionbankofindia.bank

धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

प्रति,
1 (ए) लवीना खुबचंदानी पति विजय खुबचंदानी (ऋणी)
53-बी सिल्वर पेलेस कॉलोनी, अन्नपूर्णा रोड़, इन्दौर 452009
1(बी) आयुष ओझा पिता असीम ओझा (सह-ऋणी)
36 कुंजवन कॉलोनी, केशर बाग रोड़, तेह. एव जिला इन्दौर, 452001

प्रिय महोदय,
छावनी मेन इन्दौर शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 की धारा 13(2) के तहत आपको जारी सूचना दिनांक **21.07.2025** को आपको आपके ऋण खाते की बकाया राशि चुकाने के लिए कहा गया था जिसे हमारे पास आपके अंतिम ज्ञात पते पर तामिल नहीं किया जा सका। अतः उक्त मांग सूचना की सामग्री इस समाचार पत्र में प्रकाशित की जा रही है।
आपके द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा/ऋण सुविधाओं को **01/05/2025** को एनपीए के रुप में वर्गीकृत किया गया है।
आपने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए ऋण दस्तावेजों को निष्पादित किया है और बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित बनाया है। ऋण सुविधाओं और सुरक्षित संपत्तियों का विवरण निम्नानुसार है:

सुविधा का प्रकार	एनपीए की दिनांक अर्थात 01.05.2025 तक बकाया राशि	अप्रयुक्त ब्याज एवं चलित डमी राशि दिनांक 30.06.2024 तक	दंड ब्याज (साधारण)	बैंक द्वारा वहन की गई लागत/प्रभार	कुल बकाया
HLPGN HL (Housing) 165830100004650	1059780.14	44768.43	0	0	1104548.57
कुल					1104548.57

दिनांक **30/06/2025** को बकाया राशि के साथ प्राप्त की गई ऋण सुविधाएं कुल बकाया राशि **रु. 11,04,548.57 (रुपये ग्यारह लाख चार हजार पांच सौ अड़तालीस एवं सत्तावन पैसे मात्र)** जो कि सुरक्षित है
नीचे वर्णित बंधक अचल संपत्ति का विवरण :
फ्लेट नं.103, शारदा भवन के प्रथम मंजिल पर, सिद्धिपुरम कॉलोनी के प्लॉट नं. 101 पर स्थित, ग्राम तेजपुर गड़बड़ी, तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.), सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 550 वर्गफीट, **चतुर्सीमा :** पूर्व : प्लॉट नं. 102, पश्चिम: सामान्य मार्ग और सीढ़ी, उत्तर: फ्लेट नं. 101, दक्षिण: फ्लेट नं. 102

इसलिए, आप, नंबर 1, ऋणकर्ताओं एवं आप, नंबर 2, सह-ऋणकर्ताओं के रुप में उपरोक्त नोटिस के संदर्भ में इस प्रकाशन की तारीख से **60 दिनों** के भीतर **रु. 11,04,548.57 (रुपये ग्यारह लाख चार हजार पांच सौ अड़तालीस एवं सत्तावन पैसे मात्र)** साथ में भविष्य के ब्याज एवं शुल्क का भुगतान करने के लिए मांग करते है।

इसका पालन करने में आपकी विफलता पर हम, सुरक्षित लेनदार, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करने के हकदार होंगे। अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार यह नोटिस प्राप्त होने के पश्चात बैंक की पूर्व सहमति के बिना आप संपत्तियों को स्थानांतरित नहीं कर सकते। कृपया सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों पर ध्यान दें।

कृपया ध्यान दें कि इस वर्तमान मांग सूचना के जारी होने पर सरफेसीय 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी किया गये हमारे सभी पिछली सूचना(ए) वापस ले ली गई है।

स्थान : इंदौर
दिनांक : 10-08-2025
आपका हितैषी
प्राधिकृत अधिकारी